भोपाल | सोमवार | 15 जून 2026 | वर्ष 70 | अंक 142 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



एक नजर में



ट्रम्प के जन्मदिन पर नो किंग्स ने खोला मोर्चा

न्यूयॉर्क. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के जन्मदिन पर जहां व्हाइट हाउस में भव्य यूएफसी मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है, वहीं 'नो किंग्स' आंदोलन ने इसके विरोध में राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक कार्यक्रम की घोषणा कर लोकतंत्र, अधिकारों और जनशक्ति के मुद्दों को केंद्र में ला दिया है. अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के जन्मदिन के अवसर पर एक ओर शक्ति और लोकप्रियता के प्रदर्शन की तैयारियां हैं, तो दूसरी ओर विरोध और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज भी बुलंद हो रही है. ट्रम्प के 80वें जन्मदिन पर व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन में आयोजित होने जा रहे विशेष यूएफसी मुकाबले के समानांतर 'नो किंग्स' आंदोलन ने राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का एलान किया है. यह कार्यक्रम 'कमेटी फॉर द फर्स्ट अमेंडमेंट' के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है.

हम साझा विनिर्माण चाहते हैं : पीएम मोदी

नीस (फ्रांस), 14 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को फ्रांस के नीस शहर में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की. प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. राष्ट्रपति मैक्रों के साथ फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे. फ्रांस से 114 राफेल विमानों की डील पर चर्चा की उम्मीद है.

नीस में 'भारत इनोवेट्स 2026' के लॉन्च के बाद उन्होंने एक द्विपक्षीय बैठक भी की. दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया. भारत इनोवेट्स' तीन दिन का एक कार्यक्रम है, जो भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स, रिसर्चर्स और इन्वेस्टर्स को ग्लोबल इनोवेशन फंड्स और पहुंच के साथ एक मंच पर लाता है. यह ग्लोबल स्तर पर भारत की बेहतरीन डीप टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करता है, जिसमें 120 परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स और 20 से अधिक बेहतरीन संस्थान (इंस्टीट्यूट्स ऑफ एक्सीलेंस) शामिल हैं, जो ग्लोबल महत्व के 13 अहम टेक्नोलॉजी क्षेत्रों से जुड़े हैं. इस कार्यक्रम में दुनिया भर के 350 से अधिक बड़े इन्वेस्टर्स और वेंचर कैपिटलिस्ट भी हिस्सा ले रहे हैं.

परमाणु तकनीकों पर दोनों देश मिल कर सकते हैं काम

1. 3 लाख करोड़ के इस सौदे में भारत विमानों के साझा विकास और उत्पादन के अलावा टेक्नोलॉजी का पूरा ट्रांसफर चाहता है.
2. मैक्रों ने कहा कि भारत रिसर्च, इनोवेशन और तकनीकी विकास के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है.
3. मैक्रों ने कहा कि भारत इनोवेशन करता है या नहीं. सवाल यह है कि दुनिया में कौन भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करेगा.
4. मैक्रों ने भी कहा कि स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी नई परमाणु तकनीकों में भी भारत और फ्रांस साथ काम कर सकते हैं. हम एआई मॉडल के पक्षधर हैं.

पातालकोट की चपेट में आए 4 यात्रियों की मौत

- चैन पुलिंग होने पर आग लगने की अफवाह से भगदड़
- मुरैना-धौलपुर खंड के बीच हेतमपुर स्टेशन पर हादसा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 जून. खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में चैन पुलिंग होने पर ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई. ट्रेन चंबल नदी के पास घेर स्टेशन से पहले बीहड़ में रुक गई, ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में भगदड़ मच गई.

इस दौरान ट्रेन से उतरकर दूसरे ट्रेक पर खड़े 4 यात्रियों को आगरा की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस ने कुचल डाला. हादसे में मां-बेटे सहित 4 मुसाफिरों की मौत हो गई. हादसा रविवार शाम करीब 4.15 बजे हुआ. जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 जून की शाम करीब 4 बजे मुरैना स्टेशन से आगरा की ओर रवाना हुई थी. हेतमपुर स्टेशन को क्रॉस करने के बाद ट्रेन जब चंबल पुल की ओर बढ़ रही थी. तभी घेर स्टेशन से पहले ट्रेन में इंजन से दूसरे जनरल कोच में किसी यात्री ने एसीपी (अलार्म चेन पुलिंग) कर दी. जिसके बाद ट्रेन हेतमपुर सेक्शन के अंतर्गत घेर स्टेशन से पहले पटवारी प्रशिक्षण केन्द्र के नजदीक बीहड़ में रुक गई. इसी दौरान यात्रियों के बीच ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई, जिसकी वजह से यात्री ट्रेन से नीचे उतरकर दूसरे ट्रेक पर खड़े हो गए. इसी समय आगरा की ओर से ट्रेन संख्या 20424 फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस आ रही थी. ट्रेक पर खड़े यात्री कुछ समझ पाते, इससे पहले पातालकोट एक्सप्रेस ने 4 यात्रियों को कुचल डाला.

पिकअप वैन कुएं में गिरने से 8 की मौत

सोलापुर, 14 जून. महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी. दुर्घटना में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य लोगों के घायल होने की भी आशंका जताई जा रही है. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल फैल गया है.

अमेरिका-ईरान शांति डील का ड्राफ्ट तैयार

- ईरान अपने मौजूदा परमाणु कार्यक्रम में करे बड़े बदलाव
- ईरान-अमेरिका समझौते की ओर बड़ा कदम

नई दिल्ली, 14 जून. अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम सामने आया है.

सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के बीच तैयार किए गए शांति समझौते के ड्राफ्ट में न्यूक्लियर प्रोग्राम, तेल प्रतिबंध, जब्त संपत्ति और होर्मुज स्ट्रेट से जुड़े अहम मुद्दों पर सहमति बनने का दावा किया गया है. यह जानकारी एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से सामने आई है. रिपोर्ट के मुताबिक ड्राफ्ट में ईरान ने यह प्रतिबद्धता जताई है कि वह न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही किसी अन्य देश से इसे हासिल करने की कोशिश करेगा. साथ ही फाइनल समझौते तक ईरान अपने मौजूदा परमाणु कार्यक्रम में बड़े बदलाव नहीं करेगा. इसके तहत यूरेनियम एनरिचमेंट को नहीं बढ़ाया जाएगा और नए न्यूक्लियर सेंटर्स का विस्तार भी रोक दिया जाएगा. सबसे अहम बिंदुओं में से एक होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है. जहां ईरान सभी कारोबारी जहाजों के लिए रास्ता खोलने पर सहमत बताया जा रहा है.

गुस्ताखी माफ

नीट पेपर के नाम पर ठगी रैकेट बेनकाब

- फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार
- टेलीग्राम से चल रहा था नीट स्कैम नेटवर्क

मुजफ्फरपुर, 14 जून. देश की सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट के नाम पर चल रहे एक बड़े ठगी रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. बिहार के मुजफ्फरपुर में सक्रिय इस अंतरप्रांतीय गिरोह ने फर्जी प्रश्न पत्र तैयार कर टेलीग्राम के माध्यम से देशभर के परीक्षार्थियों से लाखों रुपये की ठगी की.

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस नेटवर्क के चार और सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है. इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड मनीष झा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. उसके बाद पुलिस की जांच को और तेज किया गया और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उन्हें दबोचा गया. एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था और छात्रों को परीक्षा में सफलता का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूली जा रही थी. जांच टीम ने लगातार तकनीकी और मानवीय इनपुट के आधार पर कार्रवाई की और शहर के अलग-अलग स्थानों से चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया.

सिलचर में रेलवे के वरिष्ठ अभियंता को 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

नयी दिल्ली, 14 जून. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने असम के सिलचर में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक वरिष्ठ खंड अभियंता को ठेकेदार से कथित तौर पर रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने रविवार को यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि आरोपी अधिकारी कुंतल चौधरी ने शिकायतकर्ता द्वारा पहले से पूर्ण किए जा चुके कार्य के लगभग 20 लाख रुपये के लंबित बिल को पास करने के बदले कथित तौर पर एक प्रतिशत रिश्वत की मांग की थी. ठेकेदार ने बिल पास कराने के लिए 12 जून को अभियंता से संपर्क किया था, जिसके बाद आरोपी ने भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए कथित रूप से अवैध रकम की मांग की. शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने शनिवार को मामला दर्ज किया और जाल बिछाया.

फर्जी हस्ताक्षर मामले में अभिषेक बनर्जी सीआईडी के सामने पेश हुए

कोलकाता, 14 जून. पश्चिम बंगाल विधानसभा से जुड़े कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी रविवार को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के सामने पेश होने के लिए विभाग के मुख्यालय पहुंच गये हैं.

इसके मद्देनजर कोलकाता के भवानी भवन स्थित मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ी व्यवस्था की गयी है. इससे पहले डायमंड हार्बर से सांसद श्री बनर्जी से सीआईडी ने गुरुवार रात को लगभग साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की थी. उस पूछताछ के बाद उन्हें दोबारा समन जारी कर रविवार सुबह पेश होने के लिए कहा गया था. श्री बनर्जी ने पहले ही कहा था कि वह जांच में सहयोग करेंगे और निर्देशानुसार एजेंसी के सामने पेश होंगे. श्री बनर्जी की मुश्किलें इन दिनों कई मामलों को लेकर बढ़ी हुई हैं.

रणनीति | अभिषेक ने स्पीकर को लिखा सख्त पत्र, भूपेंद्र यादव के घर बैठक से बढ़ा विवाद

22 सांसदों का समर्थन मिला : काकोली घोष

नई दिल्ली, 14 जून. तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक मतभेद और बगावत को लेकर सियासत में अब बड़ा उलट फेर हो गया है. दिल्ली में पार्टी के बागी और समर्थक दोनों गुटों की सक्रियता ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है.

एक ओर बागी माने जा रहे सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर बैठक की, वहीं दूसरी ओर टीएमसी के वरिष्ठ सांसद कीर्ति आजाद और सागरिका घोष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आवास पर पहुंचे और पार्टी एकता को लेकर अपना पक्ष रखा. बागी गुट की ओर से काकोली घोष दस्तीदार, शताब्दी रॉय और अन्य सांसदों की मौजूदगी में दिल्ली में बैठक की गई, जहां दावा किया गया कि उन्हें अब 22 सांसदों का समर्थन प्राप्त है. इससे पहले यह संख्या 20 बताई गई थी. इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है. बताया जा रहा है कि कुछ सांसदों ने संगठनात्मक और नेतृत्व संबंधी मुद्दों पर अलग रुख अपनाया है.इसी दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सदन में टीएमसी को केवल एक ही राजनीतिक इकाई के रूप में मान्यता दी जाए.